वर्ष- 02 अंक- 51
छपरा
27 दिसंबर, शुक्रवार 2024
पृष्ठ - 04


दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में निधन

**● 7 दिन का राष्ट्रीय शोक ● राहुल बोले- मैंने गुरु खो दिया ● पीएम मोदी ने कहा- मनमोहन सिंह ने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रयास किए**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में गुरुवार रात निधन हो गया। उन्हें रात 8:06 बजे दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) लाया गया था। वे घर पर बेहोश हो गए थे। हॉस्पिटल बुलेटिन के मुताबिक उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था, जहां रात 9:51 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। केंद्र सरकार ने 7 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। साथ ही कल के सभी कार्यक्रम कैंसिल कर दिए गए हैं। डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बेलगावी से दिल्ली रवाना हो गए हैं। वे देर रात दिल्ली




पहुंचेंगे।मनमोहन सिंह के निधन पर राहुल ने लिखा- मैंने अपना मार्गदर्शक और गुरु खो दिया है। मनमोहन सिंह 2 बार देश के प्रधानमंत्री रहे। वे लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। इससे पहले भी उन्हें कई बार अस्पताल में भर्ती किया गया था। इस बीच, कर्नाटक के बेलगावी में चल रही कांग्रेस वर्किंग कमेटी (CWC) मीटिंग रद्द कर दी गई है।

## कांग्रेस के सभी आधिकारिक कार्यक्रम रद्द, पार्टी का झंडा झुका रहेगा

केसी वेणुगोपाल ने लिखा है, दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के सम्मान में स्थापना दिवस समारोह समेत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सभी आधिकारिक कार्यक्रम अगले 7 दिनों के लिए रद्द कर दिए गए हैं। इसमें सभी आंदोलन और आउटरीच कार्यक्रम शामिल हैं। पार्टी के कार्यक्रम 3 जनवरी 2025 को फिर से शुरू होंगे। शोक की इस अवधि के दौरान पार्टी का झंडा आधा झुका रहेगा।

## प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाले आखिरी पीएम थे मनमोहन सिंह

3 जनवरी 2014 को मनमोहन सिंह ने बतौर पीएम आखिरी प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें उन्होंने 100 से ज्यादा जर्नलिस्ट के 62 सवालों के जवाब दिए थे। इसमें मनमोहन सिंह ने कहा था, मुझे ईमानदारी से विश्वास है कि इतिहास मेरे प्रति समकालीन मीडिया की तुलना में अधिक उदार होगा।

## इसी साल 3 अप्रैल को खत्म हुआ था राज्यसभा कार्यकाल

मनमोहन सिंह 3 अप्रैल को राज्यसभा से रिटायर हुए थे। वे 1991 में पहली बार असम से राज्यसभा पहुंचे थे। तब से करीब 33 साल तक वे राज्यसभा के सदस्य रहे। छठी और आखिरी बार वे 2019 में राजस्थान से राज्यसभा सांसद बने थे।

मनमोहन सिंह के रिटायरमेंट पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें खत भी लिखा था। अपनी चिट्ठी में खड़गे ने लिखा था कि- अब आप सक्रिय राजनीति में नहीं होंगे, लेकिन आपकी आवाज जनता के लिए लगातार उठती रहेगी। संसद को आपके ज्ञान और अनुभव की कमी खलेगी। मनमोहन सिंह की सीट पर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पहली बार राज्यसभा पहुंची थीं। 20 फरवरी को उन्हें राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया था।

### झारखंड :गुमला में बुजुर्ग को जलती चिता में फेंककर जिंदा जलाया

**गुमला,एजेंसी।** झारखंड के गुमला जिले में 60 वर्षीय बुधेश्वर उरांव को जलती चिता में फेंककर जिंदा जला दिए जाने की दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई है। आशंका जताई जा रही है कि इसके पीछे झाड़-फूंक, डायन-ओझा से जुड़ा अंधविश्वास हो सकता है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है।

वारदात के मुख्य आरोपी ने पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया है। घटना गुमला जिला मुख्यालय के पास स्थित कोरांबी गांव की है। बुधेश्वर उरांव के पुत्र संदीप उरांव ने बताया कि गांव की एक महिला मंगरी उराईन नहाने के दौरान पैर फिसलने से कुएं में गिर गई थी। उन्हें ग्रामीणों ने बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार की शाम गांव के श्मशान घाट पर शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। बुधेश्वर उरांव भी अंतिम यात्रा में शामिल होने गए थे। वहां मृतका के परिजनों और गांव के कुछ अन्य लोगों ने बुधेश्वर उरांव की बुरी तरह पिटाई की और इसके बाद उन्हें मंगरी उराईन की जलती चिता में फेंक दिया। संदीप उरांव ने पुलिस को बताया कि उसके पिता जब घर वापस नहीं आए तो उसने तलाश शुरू की। इस पर गांव के ही कुछ लोगों ने घटना की जानकारी दी। वह श्मशान पहुंचा तो उसके पिता का अधजला शव वहीं पड़ा था। संदीप उरांव की सूचना पर गुमला सदर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और अधजले शव को बरामद किया।

### लोकसभा चुनाव 2024 में 64.64 करोड़ मतदाताओं ने वोट डालकर बनाया विश्व रिकार्ड : ईसीआई

**नई दिल्ली,एजेंसी।** इस साल सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में 64.64 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करके विश्व रिकॉर्ड बनाया। 2024 में दाखिल नामांकनों की संख्या 12,459 थी जबकि 2019 में यह संख्या 11,692 थी। इसी तरह 2019 में जहां 8,054 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा वहीं 2024 में कुल 8,360 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। यह जानकारी भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 पर जारी रिपोर्ट में दी है।रिपोर्ट के मुताबिक इस चुनाव में महिला मतदाताओं ने अपनी उपस्थिति और भागीदारी से लोकतंत्र को नई ऊंचाई दी, जो महिलाओं के मताधिकार के नए मानक का संकेत है। महिला मतदाताओं का मतदान औसत 65.78 प्रतिशत रहा जबकि पुरुष मतदाताओं का यह औसत 65.55 प्रतिशत था। महिला उम्मीदवारों की संख्या 800 थी जबकि 2019 में यह संख्या 726 थी। 2019 की तुलना में थर्ड-जेंडर मतदाताओं में 46.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2024 में जहां 90,28,696 पंजीकृत दिव्यांग मतदाता रहे वहीं 2019 में यह संख्या 61,67,482 थी।

सीडब्ल्यूसी बैठक

## कांग्रेस देश के संविधान और स्वतंत्रता आंदोलन के आदर्शों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

### 26 जनवरी से होगी संविधान बचाओ राष्ट्रीय पद यात्रा की शुरुआत

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** कर्नाटक के बेलगावी में हुई कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में दो प्रस्ताव प्रमुखता से पारित किए गए। पहला-महात्मा गांधी पर और दूसरा देश की राजनीतिक स्थिति पर। पार्टी बड़े पैमाने पर संगठनात्मक सुधार करेगी और यह काम तुरंत शुरू हो जाएगा। बैठक के बाद यह जानकारी पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस देश के संविधान और स्वतंत्रता आंदोलन के आदर्शों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इसी के अनुरूप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 'जय भीम जय संविधान' अभियान शुरू करेगी। इस अभियान की शुरुआत 27 दिसंबर को बेलगावी में एक रैली से होगी। इसका समापन 26 जनवरी, 2025 को संविधान के लागू होने और गणतंत्र की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ पर महू में एक




रैली से होगा। इस एक महीने के दौरान हर राज्य, ज़िले और ब्लॉक में भी रैलियां आयोजित की जाएंगीं और मार्च निकाले जाएंगे। महात्मा गांधी की विरासत के साथ संविधान की विरासत को संरक्षित, सुरक्षित और बढ़ावा देने की आवश्यकता को देखते हुए, यह आंदोलन 26 जनवरी, 2025 से आगे भी जारी रहेगा। 26 जनवरी, 2025 और 26 जनवरी, 2026 के बीच, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस संविधान बचाओ राष्ट्रीय पदयात्रा नामक एक विशाल, राष्ट्रव्यापी जनसंपर्क अभियान शुरू करेगी, जिसमें सभी नेता भाग लेंगे। यह पदयात्रा रिले के रूप में गांव-गांव, कस्बे-कस्बे तक जाएगी।

अप्रैल 2025 के पहले या दूसरे हफ़्ते में गुजरात में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति का सत्र आयोजित किया जाएगा।

बैठक में सीडब्ल्यूसी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ठीक एक महीने बाद जब हम अपने गणतंत्र के 75वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहे हैं, तब संविधान को अब तक के सबसे गंभीर ख़तरे का सामना करना पड़ रहा है। जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि ÷इसमें कोई संदेह नहीं है कि संविधान के निर्माण की डॉ. आंबेडकर से अधिक ज़िम्मेदारी किसी और ने नहीं उठाई।÷ केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा संसद में किया गया डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान संविधान को कमज़ोर करने के संघ-भाजपा के दशकों पुराने प्रोजेक्ट का सबसे ताज़ा उदाहरण है। कार्यसमिति ने केंद्रीय गृह मंत्री के इस्तीफ़े के साथ-साथ देश से माफी मांगने की मांग दोहराई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान' का शुभारंभ किया

## युवाओं के कारण विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की सफलता सुनिश्चित है: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय युवाओं के साहस और सामर्थ्य की सराहना करते हुए कहा कि आज के युवाओं के सामने विकसित भारत का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि युवाओं के कारण विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की सफलता सुनिश्चित है। प्रधानमंत्री गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान 'सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान' का शुभारंभ भी किया। इसका उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं के कार्यान्वयन को मजबूत करके और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करके पोषण संबंधी परिणामों और कल्याण में सुधार करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के दौरान ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) के विजेता बच्चों से भी बातचीत की। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में युवाओं को भविष्योन्मुखी बनाने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि युवा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें। प्रधानमंत्री ने देश की आजादी के समय युवाओं की भूमिका से लेकर मौजूदा समय में विदेशी कंपनियों के शीर्ष पर भारतीयों के काबिज होने का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा, ÷आज के युवाओं के सामने विकसित भारत का लक्ष्य है। इस दशक में हमें अगले 25 वर्षों के तेज विकास की नींव रखनी है, इसलिए भारत के युवाओं को अधिक से अधिक इस समय का लाभ उठाना होगा। हर सेक्टर में स्वयं भी आगे बढ़ना है और देश को




भी आगे बढ़ाना है।÷

प्रधानमंत्री ने लाल किले से दिये अपने भाषण का जिक्र करते हुए देश में गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि के एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने अगले 25 सालों के लिए इस शुरुआत को बेहद महत्वपूर्ण करार दिया। उन्होंने युवाओं से इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील करते हुए कहा कि देश की राजनीति में एक नवीन पीढ़ी के उदय के लिए यह आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का भी आयोजन होगा। देशभर के लाखों युवा इसका हिस्सा बनेंगे। इसमें विकसित भारत के विजन पर चर्चा होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वीर बाल दिवस पर हम साहिबजादों की वीरता और बलिदान को याद करते हैं। हम माता गुजरी और श्री गुरु गोबिंद सिंह को भी श्रद्धांजलि देते हैं।

### आंबेडकर पर कांग्रेस को घेरने की शुरू होगी तैयारी,नड्डा के आवास पर बैठक

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के मौके पर बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेताओं ने भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा के आवास पर बैठक की। सूत्रों ने बताया कि एनडीए नेताओं ने सत्तारूढ़ गठबंधन पर कांग्रेस के हालिया राजनीतिक हमले पर चर्चा की और विपक्ष के इन आरोपों का मुकाबला करने के लिए एक स्वर में जवाब देने पर जोर दिया। कांग्रेस ने शाह पर बी. आर. आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाते हुए हमला किया है। गृह मंत्री ने विपक्षी पार्टी पर उनके भाषण की एक छोटी क्लिप का इस्तेमाल कर उनकी टिप्पणियों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया है।

## भागवत के बयान से आरएसएस भी असहमत!

- **ऑर्गनाइजर ने यूपी के संभल कांड को बनाया कवर स्टोरी**
- **लिखा-यह लड़ाई तो किसी का भी सामुदायिक अधिकार है**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पिछले दिनों हर मस्जिद के नीचे मंदिर न खोजने की नसीहत दी थी। इसके अलावा उन्होंने कहा था कि कुछ राम मंदिर जैसे मामले खड़े करके हिंदुओं के नेता बनना चाहते हैं। ऐसा नहीं होने दिया जा सकता। मोहन भागवत के इस बयान पर विपक्ष ने भाजपा और अन्य संगठनों से इस पर अमल करने को कहा है। वहीं आरएसएस में अंदरखाने




की मोहन भागवत के बयान से असहमति जताई जा रही है। यही नहीं आरएसएस से जुड़ी पत्रिका ऑर्गनाइजर ने तो अपने ताजा में अंक में संभल के मुद्दे को ही कवर स्टोरी बनाया है। संभल को पत्रिका के पहले स्थान पर जगह दी गई है, जिसका शीर्षक है- सभ्यतागत न्याय की लड़ाई। ऑर्गनाइजर ने लिखा है कि यह लड़ाई तो किसी का भी व्यक्तिगत या सामुदायिक अधिकार है। पत्रिका का कहना है कि कोई भी अपने पूजा स्थलों को मुक्त कराने के लिए कानूनी ऐक्शन की मांग कर सकते है। इसमें आखिर क्या गलत है। यह तो हम सभी को मिला एक संवैधानिक अधिकार है। इसके अलावा पत्रिका ने इसे सोमनाथ से संभल तक की लड़ाई से जोड़ दिया है। मैगजीन के कवर पेज में संभल की एक तस्वीर को रखा गया है। पत्रिका में लिखा गया है कि संभल में जो कभी श्री हरिहर मंदिर था, वहां अब जामा मस्जिद बनी है। उत्तर प्रदेश के इस ऐतिहासिक कस्बे में ऐसे आरोप ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। प्रफुल्ल केतकर की ओर से संपादकीय में लिखा गया कि हिंदू मुस्लिम के विवाद पर सीमित रहने बजाय छद्म निरपेक्षों से सभ्यतात न्याय के बारे में बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संभल से सोमनाथ तक और उससे भी आगे यह ऐतिहासिक सच की लड़ाई है। इसमें धार्मिक श्रेष्ठा के लिए संघर्ष वाली बात नहीं है।

### अजमेर शरीफ दरगाह के पास बुलडोजर ऐक्शन :भारी विरोध और सुरक्षा के बीच कई निर्माण ध्वस्त

**जयपुर ,एजेंसी।** अजमेर शरीफ दरगाह के आसपास गुरुवार सुबह एक साथ कई बुलडोजरों की गरज सुनाई दी। अजमेर नगर निगम ने अढ़ाई दिन के झोपड़े और दिल्ली गेट के पास बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। सड़क किनारे और नालों पर बने अवैध निर्माण तोड़े जाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस और लोगों के बीच झड़पें भी हुईं। हालात को काबू में रखने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। ख्वाजा गरीब नवाज के 813वें उर्स से पहले नगर निगम ने यह कार्रवाई की। सुबह-सुबह पुलिस बल के साथ पहुंची नगर निगम की टीम ने बुलडोजरों के जरिए अतिक्रमण हटाना शुरू किया। बुलडोजर की आवाज सुनते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और नारेबाजी करने लगे। कुछ लोग बुलडोजरों के सामने खड़े हो गए, जिन्हें पुलिस ने हटाने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान झड़पें भी हुईं। नगर निगम ने दरगाह क्षेत्र में सड़क और नालों पर बने दुकानों को ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों का कहना है कि उर्स के दौरान देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को अतिक्रमण के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण हटाया गया। दिल्ली गेट और अढ़ाई दिन के झोपड़े के पास भी बुलडोजर चले और कई अवैध निर्माण गिराए गए। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इलाके में अब भी पुलिस का भारी जमावड़ा है। उधर, जयपुर के गैस टैंकर हादसे में गंभीर रूप से झुलसे एक और युवक ने बृहस्पतिवार को दम तोड़ दिया। इसके साथ ही इस हादसे में मरने की वालों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है।

## विलक्षण प्रतिभा के धनी 17 बच्चों को राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार से सम्मानित किया

**नई दिल्ली।**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर सात कैटेगरी में 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दिए। यह पुरस्कार उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए दिया गया है। पुरस्कृत बच्चों की प्रतिभा सभी को कौतूहल से भर देती है। चाहे पश्चिम बंगाल के तीन वर्षीय शतरंज खिलाड़ी अनीश सरकार हों या फिर सेरेबल पाल्सी से ग्रसित 17 साल के व्यास ओम जिग्नेश, सभी की प्रतिभा न केवल लोगों को अचंभित करती है बल्कि गर्व से भर देती है। सभी 17 बाल वीर पुरस्कार विजेताओं की कहानी अपने आप में अनूठी और प्रेरणादायक है।

तीन साल के अनीश सरकार ने चेस की दुनिया में रचा इतिहास महज तीन साल के अनीश सरकार विलक्षण प्रतिभा के धनी हैं। पश्चिम बंगाल के रहने वाले 3+ वर्षीय शतरंज खिलाड़ी अनीश सरकार ने 1,555 की प्रभावशाली रेटिंग के साथ दुनिया के सबसे कम उम्र के एफआईडीई-टैंक वाले खिलाड़ी के रूप में इतिहास रच दिया है। बेजोड़ क्षमता का प्रदर्शन करते हुए अनीश ने राज्य अंडर-1 टूर्नामेंट में शुरुआत की, 8 में से 5.5



अंकों का उत्कृष्ट स्कोर हासिल किया और इस प्रक्रिया में दो रेटेड विरोधियों को हराकर 24 वां स्थान प्राप्त किया। प्रसिद्ध भारतीय ग्रैंडमास्टर दिब्येंदु बरुआ के मार्गदर्शन में इतनी कम उम्र में अनीश की उपलब्धियां उनके असाधारण कौशल, लगन और प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं। अनीश सरकार को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

**बेस्टसेलिंग लेखिका केया हटकर :** 14 वर्षीय लेखिका और विकलांगता अधिवक्ता केया हटकर ने स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) की चुनौतियों को पार किया है, जो एक दुर्लभ, अपक्षयी और संभावित रूप से जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाली आनुवंशिक स्थिति है। वे डांसिंग ऑन माई व्हील्स और आई एम पॉसिबल! की बेस्टसेलिंग लेखिका हैं। अपनी साहित्यिक उपलब्धियों के अलावा केया ने गैर-लाभकारी पहल आई एम पॉसिबल और एसएमए-एआरटी की स्थापना की और प्रेरक वार्ताएं तथा दिव्यांगता के बारे में जागरुकता बढ़ाई।

### कश्मीरी संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए 12 वर्षीय अयान ने शुरू किया यूट्यूब चैनल

कश्मीर के 12 वर्षीय सूफी गायक अयान सज्जाद ने अपने भावपूर्ण कश्मीरी गीतों और नातों के साथ स्थानीय संगीत उद्योग और सोशल मीडिया को विशेष रूप से प्रभावित किया है। उनकी उपलब्धियों में बेदर्द दाद चाने, जाने जानान, और गो क्या मलाल यारस (2023-2024) जैसे हिट्स के लिए यूट्यूब और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक लोकप्रियता हासिल करना शामिल है। अयान के प्रयास उनकी पीढ़ी को कश्मीरी संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

# वेब जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया की प्रदेश इकाई की बैठक आयोजित

## प्रदेश और जिला कमिटी को आर्थिक स्तर पर सशक्त बनाने का हुआ फैसला



**दैनिक खोज खबर/पटना।** गुरुवार को बिहार विधान सभा के प्रांगण में वेब जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रदेश इकाई की अति महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण की अध्यक्षता में हुई। जिसमें राष्ट्रीय पदाधिकारी और प्रदेश पदाधिकारी के साथ- साथ पटना जिले के नए एवं पुराने सदस्य शामिल हुए । जिसमें पटना जिला कमेटी के गठन के लिए चर्चा हुई और यह निर्णय लिया गया की 31 दिसंबर तक पटना जिले के सक्रिय सदस्य जो जिला अध्यक्ष की जिम्मेवारी उठाना चाहते हैं , अपने नाम का प्रस्ताव दें ,एक से अधिक प्रस्ताव आने की स्थिति में चुनाव के माध्यम से अध्यक्ष का चुनाव कराया जायेगा। बैठक में यह भी चर्चा हुई की प्रदेश कमेटी का राज्य के सभी जिलों में विस्तार बेहद जरूरी है और सबसे पहले पटना जिले के कमेटी का गठन किया जाए द्य बैठक में यह भी चर्चा की गई की बिहार प्रदेश कमेटी आर्थिक तौर पर सशक्त हो ताकि राज्य के जिलों का दौरा करके संगठन को विस्तार किया जा सके साथ ही यह भी चर्चा की गई की प्रदेश कमेटी अथवा जिला की कमेटी के सदस्यों से भी आर्थिक तौर पर कम से कम ?100 लिए जाएं और जो स्वेच्छा से ज्यादा दे सकते है वो भी दे सकते हैं। प्रदेश कमिटी और जिला कमिटी के कोष की पूरी डिटेल कोषाध्यक्ष के पास पारदर्शी तरीके से रखी जाए, जिसे समय समय पर राष्ट्रीय पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। बैठक में सदस्यता अभियान में तेजी लाने के लिए भी विशेष रूप से चर्चा की गईद्यकमिटी की अगली बैठक जनवरी के पहले सप्ताह में होगी जिसकी सूचना सदस्यों को जल्द ही दी जायेगी।राष्ट्रीय सचिव सह बिहार प्रभारी मधुप मणी पीकू , बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक कुमार डब्लू, राष्ट्रीय कार्यालय सचिव अकबर ईमाम, विजय कुमार मिश्रा, सूरज कुमार, श्रीमती संगीता, संजीव कुमार समेत संघठन के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुआ।

# सोनपुर मे भाजपा ककार्यकर्ताओं ने मनाया बलिदान दिवस

## नव नियुक्त सोनपुर पश्चिम मंडल अध्यक्ष संजीत चौरसिया को फूल माला पहनाकर किया स्वागत



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्र बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी के बलिदान दिवस के अवसर पर वीर बाल दिवस सोनपुर मे मनाया गया.इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं द्वारा वीर बाल योद्धाओं के तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर नमन करते हुए उनके वीरता का चर्चा विस्तार रूप से किया गया.इस अवसर पर बिहार प्रदेश भाजपा अनुशासन समिति अध्यक्ष व पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह ने कहा कि 26 दिसंबर को हीं गुरु गोबिंद सिंह जी के चार पुत्रों अजीत सिंह , जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने मुगल सम्राज्य के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपनी शहादत दी थी। शहादत की घटना 21 और 26 दिसंबर 1704 को घटी थी। 21 दिसंबर को दो और 26 दिसंबर को दो साहिबजादे शहीद हुए थे। इनमें साहस, निस्वार्थता और न्याय के मूल्य थे। गुरु गोविंद सिंह जी ने धर्म की रक्षार्थ समस्त परिवार का बलिदान दिया जिसके लिए उन्हें '' सर्ववंश दानी'' भी कहा जाता है। उन्होंने प्रेम, सदाचार और भाईचारे का संदेश भी दिया।

वही प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र सिंह ने कहाँ कि सिक्ख धर्म के दशम गुरू गोविन्द सिंह जी के चारों साहिबजादों मे 18 वर्षीय बाबा अजित सिंह , 14 वर्षीय जुझार सिंह , 7 वर्षीय जोरावर सिंह और 5 वर्षीय फतेह सिंह ने जो कम उम्र मे देश के स्वाभिमान और रक्षा के लिए मुगल आक्रांतो से लड़ते हुए बलिदानी दिए यह देश ऐसे वीर जवानो पर गर्व करती है । उन्होंने कहा कि 7 वर्ष के जोरावर सिंह और 5 वर्ष के फतेह सिंह को ठंड के मौसम में अंग्रेजों ने शरीर से पूरे कपड़े को हटाकर उन्हें चारों ओर से दीवाल खड़ा कर उससे ढक दिया गया. ऐसे वीर जवानों की बलिदानी को अब स्कूलों कॉलेजों एवं अन्य जगहों पर हर वर्ष बाल बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा. यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के निर्देश पर इस दिन उन वीर जवानो के दिए गए वलिदान को बीर बाल दिवस के रूप मे पूरे भारत मे मनाया गया है । वही मंडल प्रभारी अनिल कुमार सिंह द्वारा नव नियुक्त सोनपुर पश्चिम मंडल अध्यक्ष संजीत चौरसिया के नाम का विधिवत घोषणा कर उन्हें फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया. इस शुभ अवसर पर अभय सिंह,पूर्व अध्यक्ष विमल चौरसिया,पैक्स अध्यक्ष मुकेश सिंह युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजीव सिंह सहित कई गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आरोप : बकाया मांगने के विवाद में दुकानदार से मारपीट

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** बुधवार की शाम मांझी नगर पंचायत क्षेत्र के चौबाह स्थान स्थित स्वीट हिंदुस्तानी एंड केक हाउस पर हमला करके लाठी डंडे से लैस शरारती तत्वों ने दुकान में तोड़फोड़ की। वहीं दुकान संचालक द्वारा विरोध करने पर उनके छोटे भाई व माँझी पूर्वी पँचायत के पूर्व मुखिया नवरत्न प्रसाद उर्फ संतोष पहलवान सहित आधा दर्जन अन्य लोगों को लाठी डंडे से पीट कर जख्मी कर देने के साथ साथ गल्ले से 95 सौ रुपये लूट लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बाद में हमले की सूचना पाकर पहुँची माँझी थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुँचकर मामले की गहनता से तहकीकात की। गुरुवार को मिठाई दुकान संचालक अरुण कुमार प्रसाद ने माँझी थाना में एक आवेदन देकर माँझी नगर पँचायत क्षेत्र के दक्षिण टोला के लगभग दो दर्जन शरारती तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की पुलिस से माँग की है। पुलिस को दिए आवदेन में दुकानदार ने माँझी नगर पँचायत के लगभग दो दर्जन शरारती तत्वों पर दुकान पर हमला कर डेढ़ लाख रुपये मूल्य का काउन्टर को तोड़ डालने के अलावा मिठाई समोसे व केक आदि को नष्ट करने का भी आरोप लगाया है। आवेदन में यह कहा गया है कि दुकानदार द्वारा दुकान की बकाया राशि 290 रुपये की माँग करने से नाराज शरारती तत्वों ने हमले की घटना को अंजाम दिया है। बताते चलें कि शरारती तत्वों के हमले में दुकान संचालक के अलावा उनके अनुज व पूर्व मुखिया नवरत्न प्रसाद उर्फ संतोष पहलवान सहित लगभग आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए थे, जिनका इलाज माँझी सीएचसी में कराया गया।

## एसडीओ की जांच में पांच जविप्र दुकानों पर मिली अनियमितता

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** जनवितरण दुकानों से खाधान्न वितरण में अनियमितता की मिली शिकायत पर गुरुवार को एसडीओ डा.प्रेरणा सिंह ने मौके पर जाकर एक दर्जन दुकानों की जांच किया। जांच के दौरान पांच जविप्र दुकानों पर अनियमितता मिलने की बात बताई गई है। जांच के दौरान मिली कमी के आलोक में पांच जन वितरण दुकानदारों पर कारण पृच्छा की कार्रवाई करने की जानकारी दी गई है। अनुमंडल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रसूलपुर में उमेश शर्मा, गौरा में श्री राम शर्मा, मिर्जापुर में गणेश प्रसाद, तेजपुरवां में मिथिलेश्वर राय, लालदेव प्रसाद की जविप्र दुकान की जांच में कमी पाई गई है। जांच में आपूर्ति और स्टाक में अंतर के साथ अन्य तरह की अनियमितता मिली है। खाधान्न वितरण में अनियमितता व अन्य कमी को लेकर पांच डीलर पर शॉ कॉज की कार्रवाई करने की बात बताई है। एसडीओ डा प्रेरणा सिंह ने बताया कि खाधान्न वितरण में अनियमितता को लेकर मढ़ौरा में प्रविप्र दुकानों की जांच की गई थी। जांच के दौरान मौके पर खाधान्न की कमी, सूचना पट्ट का प्रदर्शन नही होना, मूल्य एवं भंडार पंजी का आधतन नही जैसी कमी पाई गई है। कमी मिलने वाले पांच डीलर को शॉ कॉज भेजा जा रहा है। जबाब पर्याप्त नही होने पर निबंधन रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात वाहन के ठोकर से पति-पत्नी की हुई मौत

### पति-पत्नी डोरीगंज से पटना जाने के क्रम में हुआ बड़ी हादसा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नयागांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाजितपुर के जे के ईट भट्ठा के पास तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन चालक ने मोटरसाइकिल सवार को ठोकर मार दी जिससे मौके पर मोटरसाइकिल पर सवार महिला की मौत गुरूवार के शाम हो गई जबकि उसका पति घायल हो गया.इस घटना के बाद वहां चीख पुकार मच गया.लोगों की भीड़ जुट गई . लोगों ने इस घटना के जनकारी पुलिस को दीघ़टना के जानकारी मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए घायल अवस्था में पड़े पशुपति राय को अनुमंडलीय अस्पताल सोनपुर में ले जाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. इस घटना की जानकारी देते हुए नयागांव थाना अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि पशुपति राय अपनी पत्नी मोती राज देवी के साथ डोरीगंज थाना क्षेत्र के ब्लूआ पश्चिम गांव अपने घर से मोटरसाइकिल से पटना जा रहा था इसी दौरान गुरुवार के शाम बाजितपुर जेके ईट भट्टा के पास अज्ञात बाहर ने ठोकर मार दी जिससे मौके पर पशुपति राय की पत्नी मोती राज देवी की मौत हो गई.वहीं घायल अवस्था में पशुपति राय पिता स्वर्गीय बंसीलाल राय को सोनपुर के अनुमंडलीय अस्पताल ले गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया.घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई.मृतक के परिजनों की जानकारी मिलते हुए रोते विलखते हुए सोनपुर पहुंचा.दोनों पति-पत्नी के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया है.

# सर्वेक्षण सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी सोनपुर ने जनप्रतिनिधियों के साथ सर्वे को लेकर करेंगे बैठक

## 5 जनवरी 2025 से सर्वे राजस्व ग्राम मे लगायी जायेगी तिथिवार शिविर

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त शिविर कार्यालय सोनपुर ने प्रखंड क्षेत्र के राजस्व ग्रामों में चल रहे विशेष सर्वे कार्य को सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए पंचायत के मुखियागणो के साथ गुरुवार के सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी दीपू कुमार व कानूनगो संदीप मिश्रा के साथ बैठक शिविर कार्यालय मे हुईजिसमे सर्वे कार्यों मे सहयोग करने की बात कही गयी अगले दिन शुक्रवार आज के दिन सरपंच, उप सरपंच जबकि शनिवार को प्रमुख, उप प्रमुख, समिति सदस्यों के साथ बैठक करेंगे जिसमे सर्वे कार्य मे सहयोग करने के साथ सर्वे कार्य को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लेकर चर्चा करेंगे .बैठक में सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी दीपू कुमार व कानूनगो संदीप कुमार मिश्रा ने गुरुवार को उपस्थित दर्जनो मुखियागणो को अवगत कराया कि सोनपुर अंचल के सभी राजस्व ग्रामों (टोपोलैंड और नगर पंचायतों को छोड़कर) अन्य राजस्व ग्राम मे 1 अगस्त, 2024 को विशेष सर्वेक्षण की उदघोषणा की गई थी। उदघोषणा के बाद आम रैयतों को 30 कार्य दिवसों के भीतर स्वघोषणा और वंशावली प्रपत्र जमा करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, इस अवधि को संशोधित कर 180 कार्य दिवस कर दिया गया है लेकिन, 23 दिसंबर, 2024 तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, रैयतों द्वारा अपेक्षाकृत कम संख्या में स्वघोषणा प्रपत्र जमा किए गए हैं। इससे सर्वेक्षण कार्य में त्रुटियों की संभावना बढ़ रही है। बैठक का मुख्य उद्देश्य इन कठिनाइयों का समाधान निकालना और रैयतों तक आवश्यक जानकारी पहुंचाना है। सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी दीपू कुमार ने यह भी बताया कि 5.1.2025 से जिन पंचायतो में सर्वे का कार्य हो रहा है, उस पंचायत मे तिथिवार ग्राम सभा पुनः आयोजित की जाएगी.उन्होंने यह भी बताया कि जिन पंचायत में सर्वे का कार्य होना है उस पंचायत में सर्व अमीन सोमवार से शनिवार तक कार्य अवधि मे रहेंगे.ज़हां पर भु स्वामी अपना भूमि से संबंधित कागजात प्रपत्र में भरकर जमा करेंगे. भूस्वामियों को ऑनलाइन करने मे हो रही परेशानी को देखते हुए कहाँ गया है कि वे ऑनलाइन जो आवेदन नहीं किए हैं वह अब ऑनलाइन आवेदन नहीं करेंगे और सर्वे अमीन को अपना कागजात प्रपत्र मे भरकर जमा करेंगे।

# पंचायत समिति की बैठक में विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को प्रखंड पंचायत समिति (बीडीसी) की बैठक प्रखंड प्रमुख अंजू देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें प्रखंड के विभिन्न विकास योजनाओं सहित अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने बैठक में नल योजना, सम्पर्क सड़क, पीएम आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशनकार्ड, आंगनबाड़ी, जन वितरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, बिजली, सफाई, अतिक्रमण, जल-जीवन-हरियाली के अलावा दाखिल-खारिज, परिमार्जन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्रों व जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में विलंब सहित अन्य योजनाओं व मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही पिछले विकास कार्यों की समीक्षा की गई। वहीं आगामी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर तैयार करने का निर्णय लिया गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार ने बैठक में मौजूद सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन तेज गति से किया जा रहा है। उन्होंने पंचायतों में चल रहे मनरेगा कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल आदि अन्य योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।पंचायत प्रतिनिधियों ने कुछ विषयों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों से शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर भी चर्चा हुई। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।बैठक में प्रखंड प्रमुख अंजू देवी, उप प्रमुख शुभ नारायण यादव, बीडीओ डॉ अरुण कुमार, बीपीआरओ अंगेश कुमार यादव, एमओ अंकित कुमार श्रीवास्तव, मनरेगा पीओ खालिद अख्तर, बिजली विभाग के जेई सुजीत कुमार, बीडीसी सीता देवी, विमल तिवारी, मिथिलेश सिंह, रमेश प्रसाद, आशीष सिंह, जितेन्द्र महतो, जितेन्द्र सिंह, मुखिया भूषण साह, अखिलेश कुमार यादव, अशोक कुमार मांझी, महेश्वर राय समेत अन्य बीडीसी सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी आदि शामिल थे। बैठक के अंत में प्रमुख ने सभी सदस्यों से विकास कार्यों में सहयोग व पारदर्शिता बनाए रखने की अपील की। धन्यवाद ज्ञापन उप प्रमुख शुभ नारायण यादव ने किया।



## पूर्वोत्तर रेलवे महाविद्यालय सोनपुर के प्रिंसिपल के सेवानिवृत्त पर किया गया सम्मानित



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे महाविद्यालय सोनपुर के प्रिंसिपल डॉ प्रकाश चन्द्र के सेवानिवृत्त पर गुरूवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सोनपुर द्वारा बाबा हरिहरनाथ के प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रिंसिपल श्री गुप्ता ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र संगठन जो बिहार के सबसे बड़े छात्र संगठन है। जो हमेशा छात्र, समाज हित और राष्ट हित के लिए काम करते रहता है। हम भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता रहे और संगठन का ही देन है जिसके कारण हम महाविद्यालय को अच्छे तरीके से संचालन कर सके.संगठन का ही देन और कॉलेज के सभी कर्मियों के सहयोग से हम अपनी सेवा दे पाये. आज हम अपनी कॉलेज से सेवानिवृत हो रहे है लेकिन समाज और देश हित से नहीं हुए सेवानिवृत क्योंकि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते है जब तक उनके अंदर प्राण है.आज अच्छा काम करने पर ही विधार्थी परिषद के छात्र हमे सम्मानित किया इसके लिए हम हमेशा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र संगठन को आभार व्यक्त करता हूं। हम आशा करते है कि आप लोग महाविद्यालय व शिक्षा क्षेत्रों के लिए आवाज उठाते रहिए और महाविद्यालय में चल रहे कार्य प्रणाली पर ध्यान केंद्रित करते रहिए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक यशवंत कुमार ने कहां कि हम लोग आशा करता हूं कि आप सेवानिवृत्त होने के बाद भी आप शिक्षा जगत से हमेशा जुड़े रहे । सम्मान समारोह में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक यशवंत कुमार, जिला सोशल मीडिया संयोजक राहुल कुमार,नगर मिडिया प्रमुख पवन राजवीर,प्रो पप्पू कुमार राज,किशोर सिंह,धनंजय सिंह गोविंद कुमार,उपेन्द्र सिंह,रामेश्वर कुमार,विभुति जी,ओम प्रकाश जी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहें।

## सोनपुर पुलिस ने सबलपुर में छापामारी का देसी व अंग्रेजी शराब को किया जप्त

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के सबलपुर गंगा तटीय इलाके बाबा घाट पर बालू के नीचे छिपा कर रखे गए देसी व अंग्रेजी शराब को छापामारी कर जप्त कर लिया.इस बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने गुरुवार को बताया कि सबलपुर दियारा के गंगा तटीय इलाके में बालू के अंदर छुपा कर रखे गए 1530 लीटर देसी और 2625 लीटर विभिन्न ब्रांड के अंग्रेजी शराब को छापामारी कर बुधवार को जप्त किया गया है. इस छापामारी के दौरान पुलिस के देखते ही धंधेवाज भागने में सफल रहाइस मामले मे धंधेवाज को चिन्हित कर उसके विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज की गई है.

## सोनपुर पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त करते हुए चालक को किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के कल्याणपुर सड़क मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया.उक्त बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने गुरुवार को बताया कि कल्याणपुर सड़क मार्ग मे वाहन चेकिंग के दौरान एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त करते हुए मौके पर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार ट्रैक्टर चालक पीयूष कुमार पिता लालमोहन राम दूसरा गुड्डू कुमार पिता मदन राम घर सैदपुर थाना पहलेजा जिला सारण के निवासी है।

## मृतक के आश्रित को सीओ ने सौंपा चेक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के गोढ़ना में पोखरें में डूबने से मृतक के आश्रित को सीओ सुमंत कुमार ने गुरुवार को चार लाख रूपए का चेक सौंपा। मौके पर बीडीसी धर्मेंद्र कुमार राय मौजूद रहें। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि सोनौली पंचायत के गोढ़ना में पोखरें में डूबने से 9 वर्षीय मकेश्वर राय की मौत हो गई। मृतक के आश्रित को बिहार सरकार की आपदा प्रबंधन योजना के तरफ से आश्रित उसकी मां किरण देवी को चार लाख रूपए का चेक सौंपा गया।

## मशरक मुशहर टोली से 15 लीटर महुआ शराब जब्त, कारोबारी महिला फरार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रशिक्षु पुअनि नंदन कुमार के नेतृत्व में मशरक दक्षिण टोला मुशहर टोली में अवैध महुआ चुलाई शराब को लेकर छापेमारी की । पुलिस को गांव में देख कारोबारी महिला नागमुन्नी देवी पति कोबी राउत भागने लगी । घनी बस्ती के कारण महिला पुलिस के पकड़ में नहीं आई। उक्त महिला के घर के तलाशी के लिए उपस्थित स्थानीय लोग साक्षी नही बने तब पुलिस ने छापेमारी दल में शामिल पुलिस जवान को साक्षी बना घर की तलाशी ली। तलाशी के क्रम में नागमुनी देवी के करकट नुमा घर के बगल में प्लास्टिक के डिब्बे और बोतल में छुपाकर रखे कुल 15 लीटर महुआ चुलाई शराब बरामद किया गया। अवैध शराब निर्माण एवम बेचने के आरोप में उक्त महिला को आरोपित करते हुए पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** अंचल पार्टी कार्यालय( कॉमरेड जयमंगल सिंह भवन )डेरनी बाजार में पार्टी की100वी स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया।इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन कॉमरेड परमात्मा प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।गोष्ठी को अंचल सचिव कॉमरेड शिवजी दास, कॉमरेड डॉ के एन सिंह, राज्यपार्षद कॉमरेड डॉ महात्मा प्रसाद गुप्ता ने सम्बोधित किया।सभी वक्ता साथियों ने पार्टी की गौरवशाली इतिहास की विशद रूप से चर्चा की।मुख्य वक्ता कॉमरेड डॉ महात्मा प्रसाद गुप्ता ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान और स्वतंत्रता के बाद पार्टी की महती भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि100साल पहले स्थापित पार्टी की प्रासंगिकता वर्तमान समय में आज सामाजिक, आर्थिक विकास की असमानता के विरुद्ध लगातार जन गोलबंदी और जन संघर्षों को समर्पित है।उन्होंने पार्टी में युवा पीढ़ी की भागीदारी को बढ़ाने की बात कही।इस अवसर पर कॉमरेड, विजय कुमार साह, रामजी प्रसाद राय, लक्ष्मी साह, सत्यनारायण राय, जगन्नाथ महतो, रामराज सिंह, किशोरी राय, देवनाथ राय, चुन्नीलाल शर्मा, डॉ कादिर हुसैन,डॉ दुर्गा प्रसाद महतो समेत दर्जनों साथी उपस्थित थे।

# शौचालय उपयोग के लायक नहीं, प्रखंड कार्यालय परिसर में फैली गंदगी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर का शौचालय गंदगी की वजह से उपयोग के लायक नहीं हैं। वहीं परिसर में प्रखंड कार्यालय के अंदर और भवन के चारों तरफ गंदगी पसरी हुई है लेकिन इस पर किसी जिम्मेदार का ध्यान नहीं है। जिस जगह से प्रखंड की सारी विकास योजनाएं संचालित होती हैं और सभी पंचायतों के ग्रामीण पहुंचते हैं, उस जगह के बदहाली से लोगों में रोष है। शौचालय के गंदा रहने के कारण लोगों को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शौचालय की दिक्कत को देखते हुए शौचालय बनवाया गया पर इस्तेमाल के पहले ही गंदगी से भर गया क्यूंकि उसमें पानी की व्यवस्था नहीं की गयी वहीं परिसर में लगा चापाकल भी जर्जर हो गया है। स्थानीय रंजन सिंह ने कहा कि इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए क्यूंकि महिलाओं को तो खासी दिक्कत हो रही है। चांद कुदरिया गांव निवासी पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन ने बताया कि इलाका नगर पंचायत हो गया है जबकि नगर पंचायत का कार्यालय भी प्रखंड कार्यालय परिसर में ही हैं जबकि नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के लिए लाखों रूपए प्रतिमाह खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन प्रखंड कार्यालय के मुख्य भवन के अंदर और भवन के चारों तरफ गंदगी का जमावड़ा लगा हुआ है। जबकि प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में सुदूर क्षेत्र से



लोग प्रखंड मुख्यालय पहुंचते हैं। पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अमर सिंह ने कहा कि सरकार योजनाओं के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रहीं हैं जबकि योजनाएं अधिकारियों की लापरवाही से पूर्ण नहीं हो पा रही है। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी से परिसर की साफ सफाई और शौचालय की सफाई करवानें और पानी की व्यवस्था करानें की मांग की। उन्होंने बताया कि पहले भी परिसर में फेवर ईट, कार्यालय की मरम्मत और गेट बनानें करोड़ों रूपए का उठाव किया गया पर योजनाएं अभी भी पूरी नहीं की जा सकी है। अंचल कार्यालय में जमीन विवाद के लिए आई उच्च न्यायालय पटना की अधिवक्ता चैनपुर गांव निवासी चंदन कुमारी ने बताया कि परिसर में बना शौचालय जर्जर हैं। पुरूष तों झाड़ियों में चलें जा रहें हैं जबकि महिलाओं को बड़ी दिक्कत झेलनी पड़ रही है।

# महिला कबड्डी में मढ़ौरा को हरा मशरक जीता खिताब

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** रिविलगंज के सेमरिया में चल रहे सारण खेल महोत्सव के बैनर तले कबड्डी प्रतियोगिता के अंतिम दिन बालिका कबड्डी की प्रतियोगिता संपन्न हुआ। मैच के पहले सेमीफाइनल में महिला कबड्डी में मसरख चैंपियन बना।रिविलगंज के सेमरिया में चल रहे सारण खेल महोत्सव के बैनर तले कबड्डी प्रतियोगिता के अंतिम दिन बालिका कबड्डी की प्रतियोगिता संपन्न हुआ। मैच के पहले सेमीफाइनल में मसरख ने सेंट जोसेफ एकेडमी को 14 अंको से पराजित कर फाइनल में स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में मढ़ौरा ने छपरा को 4 अंको से पराजित कर फाइनल में स्थान बनाया।फाइनल मैच में मसरख के खिलाड़ियों ने दमदार रेड एवं डिफेंस का परिचय देते हुए (68-29) 39 अंको से विजेता होने का गौरव प्राप्त किया ।वहीं मढ़ौरा की खिलाड़ी अच्छे खेल के प्रदर्शन के वाबजूद भी टीम को जीत नही दिला सके।उन्हें उप विजेता ट्राफी से ही संतोष करना पड़ा।पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सारण फाउंडेशन के अध्यक्ष शैलेंद्र सेंगर ने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में महिलाएं पुरुषों से कहीं भी कम नहीं है। आज के परिवेश में महिलाएं पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है चाहे वह पढ़ाई का क्षेत्र हो या खेल । खेल में महिलाओं ने हर स्थान पर अपना बेहतर दमखम दिखाते हुए परचम लहराने का कार्य किया है। खेल के दौरान कबड्डी प्रतियोगिता में जिस प्रकार से महिला खिलाड़ियों ने अपने कौशल एवं प्रतिभा को दिखाने का कार्य किया है वह निश्चित ही काबिले तारीफ है। आने वाले समय में ये खिलाड़ी अपने कस्बा, अपने जिला अपने, राज्य एवं देश का नाम निश्चित रूप से



रौशन करेंगी ।आज अगर बिहार में खेल को आगे ले जाना है तो निश्चित तौर पर खेलों को रोजगार से जोड़ना होगा। अगर खिलाड़ी रोजगार के प्रेशर से बाहर निकल जायें तो उनका खेल निखर सकता है तथा साथ ही उनके अभिभावक भी बच्चों को खेल प्रति प्रोत्साहित करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रिवीलगंज के मेयर प्रतिनिधि मुकेश कुमार यादव उर्फ सोनू, बिहार कबड्डी संघ के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ सुरेश प्रसाद सिंह, ओलंपिक संघ के सचिव सभापति बैठा, सारण जिला कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, सारण जिला कबड्डी संघ के सचिव पंकज कश्यप ,पूर्व कबड्डी खिलाड़ी अजीत सिंह, राजकीय मध्य विद्यालय पूर्वी सेमरिया के प्रधानाध्यापक सुनील पाण्डेय, राजन प्रसाद यादव, सुनील कुमार सिंह, सौरभ कुमार ट्विंकल,रमेश सिंह, सुधीर सिंह, जितेश सिंह ,जोगिंदर सिंह ,गामा सिंह,राजदेव चौधरी , प्रभु राय, नितेश सिंह, अनुभव सिंह इत्यादि उपस्थित थे।आज के मैच में निर्णायक के रूप में सुशील कुमार सिंह , मुकुलेस , नीरज तिवारी, राजेश कुमार सिंह,सूरज कुमार सिंह , रोहित कुमार ,दीपू कुमार, ऋषिकेश कुमार ,ज्योति कुमार, रितिक कुमार आदि ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# प्रखंड जदयू महिला प्रकोष्ठ की एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित



**दैनिक खोज खबर/मांझी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश की महिलाओं को नेपथ्य से निकालकर उन्हें अपनी पहचान दी तथा महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर जो सम्मान दिया। वह आजाद भारत में अद्वितीय है। यह बातें मांझी नगर पंचायत के पंचायत सरकार भवन परिसर में आयोजित मांझी प्रखंड जदयू महिला प्रकोष्ठ की एक दिवसीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए बिहार प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ भारती मेहता ने कहीं। उन्होंने कहा कि 19 वर्षों के अपने कार्यकाल में मुख्यमंत्री ने बिहार वासियों के लिए विकास की एक नई परिपाटी स्थापित की। उन्होंने बिहार में महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी तथा नारी सशक्तिकरण की चर्चा करते हुए सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं से अगले विधानसभा चुनाव में जदयू प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जिताकर कर्ज उतारने का आह्वान किया। इससे पहले नारी शक्ति सम्पर्क रथयात्रा के मांझी पहुँचने पर स्थानीय जदयू नेत्रियों द्वारा गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। सम्मेलन को पूर्व मंत्री गौतम सिंह,पार्टी के जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू,रणविजय सिंह,पूजा शर्मा,उषा सिन्हा,रेणु कुशवाहा,गुड्डी जायसवाल तथा अनिता मिश्रा,शकीला बानु,संगीता यादव,शोभा देवी,अख्तर अली,रामकृष्ण सिंह,श्याम बिहारी सिंह,कृष्णा सिंह पहलवान,मो अली कादरी तथा जितेंद्र सिंह सहित कई अन्य लोगों ने भी सम्बोधित किया। पार्टी की जिला उपाध्यक्षा नीतू सिंह ने अतिथियों को अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता आदि से सम्मानित किया। सम्मेलन की अध्यक्षता महिला सेल की प्रखंड अध्यक्षा कविता सिंह तथा संचालन सारण जिला महिला सेल की अध्यक्षा कुसुम देवी ने किया। मौके पर डीएन राम,रमेश सिंह,गुड्डू सिंह,सुनीता देवी,कंचन देवी,गुड़िया देवी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# भटवलिया गांव निवासी अभिजीत ने जीता मिस्टर बिहार का खिताब

**दैनिक खोज खबर/लहलादपुर ।** न्यू बॉडीबिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन बिहार द्वारा पटना में आयोजित आईबीबीएफ में लहलादपुर प्रखंड के भटवलिया गाँव निवासी अभिजीत कुमार शर्मा ने मिस्टर बिहार का खिताब जीता है। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष संस्था द्वारा मिस्टर बिहार की प्रतियोगिता कराई जाती है जिसमें शारिरिक रुप से मजबूत व बॉडीबिल्डर लड़के इसमें प्रतिभागी बनते हैं। इसी क्रम में पटना में आयोजित इंडियन बॉडी बिल्डिंग फेडरेशन में भटवलिया निवासी रमेश शर्मा के बड़े पुत्र अभिजीत शर्मा ने 75 किलो वर्ग में भाग लिया था जिसमें उन्होंने जीत हासिल कर मिस्टर बिहार का खिताब जीता। 75 किलो वर्ग में कूल पांच फाइनल प्रतिभागियों को हरा कर यह खिताब जीता है। अभिजीत प्रखंड मुख्यालय जनता बाजार में लोगों को स्वास्थ्य व सुडौल शीरर बनाने हेतु जीम चलाते हैं जहां वो प्रशिक्षण भी देते हैं। अभिजीत




ने बताया कि मिस्टर बिहार का खिताब जीतने हेतु पिछले तीन महीने से तैयारी में लगे थे जिसका फल मुझे मिला है। इसके लिए मैं अपने गुरु हरियाणा निवासी अरुण सोनी, माता श्रीमती ज्ञानती देवी पिता रमेश शर्मा का विशेष सहयोग हेतु धन्यवाद दूंगा। अभिजीत के इस जीत पर तमाम लोगों ने बधाई दिया जिसमें पूर्व मुखिया मदन राय, किशुनपुर लौवार पंचायत के मुखिया राकेश कुमार साह, युवा नेता अजीत कुमार कुशवाहा, अभिनेता अभिषेक भोजपुरिया, अजीत कुमार यादव, जदयू नेता दीपक सिंह, जीतेन्द्र सोनी, विशाल रॉय, अमरजीत शर्मा, मनीत कुमार आदि शामिल हैं।

# गुमटीनुमा दुकान का ताला तोड़ चोरी, नामजद आवेदन

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक पूरब टोला गांव में रेलवे ढाला के पास गुमटीनुमा दुकान का ताला तोड़ दुकान में चोरी होने की घटना पर थाना पुलिस जांच में जुटी है। वहीं दुकानदार पूरब टोला गांव निवासी मुकेश सिंह पिता कैलाश सिंह ने बताया कि उनकी पूरब टोला रेलवे ढाला के पास गुमटीनुमा दुकान हैं उसी का ताला चोरी की गयी हैं उन्होंने कहा कि दुकान से 15 हजार रुपए का सामान चोरी किया गया है।जो एक दिन ही पहले लाई गई थी। उन्होंने दुकान में चोरी के लिए बगल के ही गुड्डू कुमार और मीठू कुमार को आरोपित करते हुए आवेदन देकर कारवाई करने की मांग की गयी। उसने बताया कि दुकान में पहले भी चोरी की घटना हुई है।

# मशरक तख्त टोला में मारपीट में तीन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के तख्त टोला गांव में आपसी विवाद को लेकर मारपीट में तीन घायल हो गए।ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने प्राथमिक उपचार किया। मामले में थाना पुलिस को सूचना देकर न्याय की गुहार लगाई गयी। घायलों में तख्त टोला गांव निवासी गंगाधर प्रसाद सोनी 57 वर्षीय पत्नी पुनम देवी,गंगाधर प्रसाद सोनी का 14 वर्षीय राजीव रंजन सोनी, 21 वर्षीय पुत्री अनु कुमारी शामिल हैं।

# मढ़ौरा चीनी मिल जमीन पर डिजनीलैंड का एसडीओ ने किया उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** शहर के चीनी मिल की नाकास जमीन पर सर्कस मैदान में डिजनीलैंड का उद्घाटन हुआ। वुधवार को मढ़ौरा एसडीओ प्रेरणा सिंह ने उद्घाटन करते हुए कहा कि आज दलित बच्चों को निःशुल्क भ्रमण कराया गया। क्रिसमस डे पर आज इसका उद्घाटन किया गया है, संचालक द्वारा बच्चों के मनोरंजन के लिए एक अच्छी पहल हैं। आने वाले नए साल की शुभकामनाएं देते हुऐ एसडीओ ने कहा कि मढ़ौरा के लोगों के लिए लिऐ डिजनी लैंड सौगात जैसा होगा । वहीं पूर्व जिला परिषद् अध्यक्षा मीणा अरुण और नप के मुख्य पार्षद रूबी सिंह ने इस पहल की सराहना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थें।

# पिकअप और बाइक की टक्कर में दो युवक गम्भीर रूप से जख्मी

**दाउदपुर(मांझी)।** छपरा-सिवान मुख्य मार्ग पर बनवार फ्लाई ओवर ब्रिज के ऊपर पिकअप और बाइक की टक्कर में दो युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं तेज रफ्तार के कारण पिकअप ब्रिज के ऊपर पलट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बनवार फ्लाई ओवर ब्रिज के ऊपर से एकमा की तरफ से एक पिकअप वाहन तेजी से गुजर रही थी। तभी चालक द्वारा नियंत्रण खो देने के कारण सामने से आ रही बाइक से पिकअप की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक पर सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते हीं दाउदपुर थाना पुलिस ने पहुंचकर लोगों की सहायता से गिरे दोनों जख्मी युवकों को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। जख्मी युवको में एकमा थाना क्षेत्र के भुईली गांव निवासी छोटेलाल शर्मा का पुत्र विवेक कुमार शर्मा तथा मदन ठाकुर का पुत्र मुन्ना कुमार ठुकरा बताया जाता है। घटना के बाद पिकअप चालक फरार बताया जाता है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त पिकअप व बाइक को जब्त कर लिया है।

# दालान में खड़ी चार बाइकों में एक बाइक चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के पूरब सरेह गांव में दालान में खड़ी चार बाइकों में से एक बाइक चोरी होने पर गुरुवार की सुबह 7 बजे के लगभग थाना पुलिस ने पहुंच जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पीड़ित पूरब सरेह गांव निवासी अजीत कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह पिता लाल किशोर सिंह ने बताया कि वे स्टेशन रोड के मंगल मार्केट में बिजली की दुकान चलाते हैं वहीं से बाइक से बुधवार की रात्री में आए और बाइक दालान में खड़ी कर घर में सो गये वहीं उनके दालान में चार और बाइक खड़ी थी जिसमें से अज्ञात चोरों के द्वारा एक बाइक हीरो ग्लैमर बीआर 04 एस 8592 चोरी कर ली गई है वहीं और बाइकों के लाक तोड़ने की कोशिश की गयी हैं पर चोर सफल नहीं हो पाए हैं। आपकों बता दें कि कि ठंड की वजह से इलाके में अवांछनीय तत्वों की गतिविधियों में वृद्ध चोरी गयी हैं पुलिस को मध्य रात्री में थाना क्षेत्र की सड़कों गहनता से रोको टोको अभियान चलाना चाहिए। जिससे अवांछनीय तत्वों की गतिविधियों पर रोक लग सके।

# कॉलेज में बीर बाल दिवस मना

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** नंदलाल सिंह कालेज जैतपुर- दाउदपुर में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ केपी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में ''वीर बाल दिवस'' मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य श्री श्रीवास्तव ने कहा कि 26 दिसंबर को हीं गुरु गोबिंद सिंह जी के चार पुत्रों अजीत सिंह , जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने मुगल सम्राज्य के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपनी शहादत दी थी। शहादत की घटना 21 और 26 दिसंबर 1704 को घटी थी। 21 दिसंबर को दो और 26 दिसंबर को दो साहिबजादे शहीद हुए थे। इनमें साहस, निस्वार्थता और न्याय के मूल्य थे। डॉ चन्द्रभान राम ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी ने धर्म की रक्षार्थ समस्त परिवार का बलिदान दिया जिसके लिए उन्हें ''सर्ववंश दानी'' भी कहा जाता है। उन्होंने प्रेम, सदाचार और भाईचारे का संदेश दिया। डॉ प्रवीण पंकज ने तत्कालिक परिपेक्ष्य में राष्ट्र के विकास में बालकों तथा बालिकाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। वही डॉ संजय कुमार ने कहा कि देश की उन्नति में बच्चों का ईमानदार प्रयास होना चाहिए। इस शहादत दिवस पर महाविद्यालय में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक था ''राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका'' पर छात्रों ने अपना- अपना विचार साझा किया। अन्य आयोजनों में क्वीज प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता में एनएसएस के कैडरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में संजय सिंह, दुर्योधन कुमार एवं शैलेश सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ चन्द्रभान राम ने किया।

# एसपी द्वारा एसडीपीओ कार्यालय मढ़ौरा का किया गया वार्षिक निरीक्षण एवं दिये गये विभिन्न दिशा-निर्देश



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** गुरूवार को पुलिस अधीक्षक, सारण के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मढ़ौरा के कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया गया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मढ़ौरा 01 एवं परिवीक्ष्यमान सहायक पुलिस अधीक्षक संकेत कुमार उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल में पदस्थापित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित सभी पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को नागरिक केंद्रित पुलिसिंग के साथ ही अपराध नियंत्रण, कांडो के पर्यवेक्षण व निष्पादन के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल कार्यालय के सभी अभिलेखों एवं पंजीयों की जाँच कर अभिलेखों व पंजीयों के संधारण में मिली त्रुटियों के सुधार करने, लंबित कांडो का समीक्षा कर त्वरित निष्पादन करने एवं कार्यालय में साफ-सफाई रखने सहित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# मढ़ौरा भाकपा ने आयोजित किया सौवीं वर्षगांठ

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण) ।** प्रखंड के ओल्हनपुर में भरत राय की अध्यक्षता में भाकपा की सौवीं वर्षगांठ आयोजित हुई। सर्वप्रथम पार्टी ध्वज का ध्वजारोहण जिला सचिव रामबाबू सिंह ने किया । इस के उपरांत शहीद वेदी पर उपस्थित साथियों ने पुष्पांजलि किया । तत्पश्चात झंडा गीत जान की इस पे बाजी लगाना अपना झंडा ना नीचे झुकाना के सामूहिक गान से समारोह का शुभारंभ हुआ। अंचल सचिव संजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी के सौवें वर्षगांठ पर हमे संकल्प लेना होगा कि इसकी बुलंदी बरकरार रखने के लिए हमें नए जोशो खरोश के साथ लगना होगा। जिला सचिव रामबाबू सिंह ने कहा कि मढ़ौरा पार्टी का इतिहास संघर्षों से भरा पड़ा है। 1967 से अब तक मढ़ौरा पार्टी का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि चाहे वह मढ़ौरा का गन्ना किसान आंदोलन हो या मिर्जापुर, दयालपुर , नेथुआ, रामपुर खोरम आदि जगहों के भूमिहीन किसानों को पर्चा दिलाने की लड़ाई हो, पार्टी ने अहम भूमिका निभाई है । मढ़ौरा ने ऐतिहासिक रूप से तीन तीन पुरावक्ती कार्यकर्ता प्रदान किया है। गुरूवार को सौवीं वर्षगांठ पर हमे पार्टी के विकास के लिए समय निकाल कर लगने का संकल्प लेना चाहिए । प्रो भूपेश भीम ने कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना और उसके सिद्धांतो पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए पार्टी सदस्य के बीच पार्टी क्लास चलाने की पुरजोर वकालत किया । सौवीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में संजीव कुमार सिंह, मिथुन कुमार , मोहन प्रसाद, आलोक कुमार, जमादार राय, मिश्री राय, संजय राय, श्याम बाबू राय, अविनाश कुमार, हरनाथ राय, विजय राय,शिव प्रसाद राय आदि उपस्थित थे।



# इसुआपुर में उड़ान जीविका निर्वाचन निदेशक मंडल सदस्यों का हुआ नामांकन

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर।** प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को उड़ान जीविका सहकारी समिति लिमिटेड चहपुरा अंतर्गत पांच पंचायत के लिए बीओडी सदस्यों ने नामांकन किया। वहीं चुनाव 8 जनवरी को प्रखंड मुख्यालय में कराया जाएगा। नामांकन करने वाले सदस्यों में सामान्य वर्ग से 6, एससी एसटी से 2, पिछड़ा वर्ग से 2 तथा अति पिछड़ा वर्ग से 2 महिलाओं ने नामांकन किया। ये लोग निदेशक मंडल के सदस्य चुनी जाएगी, उसके बाद निदेशक मंडल सदस्य मिलकर प्रतिनिधिमंडल का चुनाव करेंगे। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, उप सचिव, कोषाध्यक्ष होंगे। वही समिति का संचालन प्रतिनिधि मंडल के द्वारा किया जाएगा एवं वित्तीय लेनदेन अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष किन्हीं दो सदस्यों के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जाएगा।

# पुलिस पर हमला करने के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

**परवेजअख्तर/सीवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के कौड़िया टोले लिलही में डेढ़ वर्ष पूर्व जुलाई माह में पुलिस पर हुए हमला करने मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई के बाद गुरुवार को जेल भेज दिया गया। यह जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सुजीत कुमार चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान कौड़िया टोले लिलही निवासी बाबूलाल महतो के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पूर्व 17 दिसंबर की रात पुलिस ने इसी मामले में दो नामजद आरोपित क्रमशः जलेश्वर महतो तथा प्रभु महतो को गिरफ्तार कर 18 दिसंबर को जेल भेजा गया था। एक सप्ताह बाद पुलिस को दूसरी सफलता मिली। पुलिस ने एक आरोपित आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।बता दें कि थाना क्षेत्र के कौड़िया टोले लिलही के रोहित कुमार की हत्या डेढ़ वर्ष पूर्व कर दी गई थी। उसका शव 17 जुलाई,023 को बरामद किया गया था। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने एकजुट होकर एनएच 227 ए को जाम कर विधि-व्यवस्था अपने हाथ में लेते हुए आवागमन को बाधित कर दिया था। इसकी सूचना पर तत्कालीन थानाध्यक्ष संजीव कुमार के नेतृत्व में पहुंची पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों पर प्रदर्शनकारियों ने हमला कर दिया था। साथ ही पुलिस वाहन को क्षति पहुंचाई थी। इस घटना में तत्कालीन थानाध्यक्ष संजीव कुमार, प्रशिक्षु दारोगा रवि कुमार, एएसआइ शैलेश कुमार समेत अन्य जवान घायल हो गए थे। इस मामले में तत्कालीन थानाध्यक्ष के आवेदन पर राड, टांगी, गड़ासा, ईंट-पत्थर आदि से हमला कर घायल करने के आरोप में 18 लोगों को नामजद तथा डेढ़ सौ से दो सौ अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई थी।

# राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने वाले सिवान से दर्जनों सदस्य रवाना

## पंजाब के जालंधर में आयोजित हो रहा है भारत विकास परिषद् का अधिवेशन

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** समाज सेवा, संस्कार और समर्पण के क्षेत्र में अखिल भारतीय स्तर पर कार्य करने वाली देश की अग्रणी संगठन भारत विकास परिषद की 31वां राष्ट्रीय अधिवेशन पंजाब के जालंधर में28-29 दिसंबर को आयोजित करने जा रही है। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए सिवान से बीस सदस्यों का एक दल गुरुवार को सिवान देशरत्न शाखा के उपाध्यक्ष अमित कुमार सिंह उर्फ गुड्डू बाबू के नेतृत्व में शहीद एक्सप्रेस से जलांधर के लिए रवाना हुआ।

भारत विकास परिषद् देशरत्न शाखा सिवान के सचिव भारत भूषण पाण्डेय ने बताया कि 31 राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने वाले सदस्यों में आठ महिला सदस्य प्रीति सिंह के नेतृत्व में जलांधर जा रही हैं। शाखा सचिव ने बताया कि समाज उत्थान के उद्देश्य से कार्य कर रही भारत विकास परिषद की देशरत्न शाखा सिवान का यह दल राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद अमृतसर के जालियांवाला बाग जाकर स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही स्वर्ण मंदिर जाकर माथा भी टेके गा। वहीं महिला टोली की नेतृत्व कर रही प्रीति सिंह ने बताया कि सिवान के सभी कार्यकर्ता 30 दिसंबर को भारत - पाकिस्तान के अटारी बार्डर पर जाकर सीमा सुरक्षा बल द्वारा बार्डर पर आयोजित होने वाले सांध्यकालीन पेरेड में शामिल होगा।



## धारदार हथियार से सिर पर प्रहार कर अधेड़ की हत्या

**परवेजअख्तर/सीवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सहुली टोले फलदुधिया में बुधवार की देर शाम अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से सिर पर प्रहार कर एक अधेड़ की हत्या कर दी। मृतक की पहचान जितेंद्र यादव (50) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।स्वजनों ने बताया कि बुधवार की देर शाम जितेंद्र यादव घर से दक्षिण बगीचे में शौच करने गए थे। जहां बदमाशों ने उनके के सिर पर धारदार हथियार से प्रहार कर उनकी हत्या कर दी। मृतक की पुत्री ने शाम को खाना खाने के लिए फोन किया तो बोले कि थोड़ी देर में आ रहा हूं। इसके बाद फोन की घंटी बज रही थी, लेकिन पुनः फोन रिसीव नहीं हो रहा था। लगातार फोन करने पर भी कोई जवाब नहीं मिल रहा था। तत्पश्चात किसी अनहोनी की आशंका होने पर उनकी खोजबीन शुरू की गई। तभी ग्रामीण खोजते हुए देर शाम साढ़े सात बजे दीघा पोखरे के समीप पहुंचे तो जितेंद्र यादव को खून से लथपथ क्षत विक्षत अवस्था में जमीन पर गिरा पाए । ग्रामीणों ने घटना की सूचना 112 डायल पर घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही 112 डायल की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची घटना की जानकारी ली। तत्पश्चात घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ अजय कुमार सिंह घटनास्थल पहुंचकर मामले का जायजा लिया। उसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## आरके बीएड कालेज में मना वीर बाल दिवस

**सिवान।** भगवानपुर हाट प्रखंड के सुघरी स्थित राजेंद्र किशोरी बीएड कालेज गुरुवार को वीर बाल दिवस मनाया गया। इस मौके पर धर्म की रक्षा हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले गुरु गोविंद सिंह के वीर साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई। महाविद्यालय के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए साहिबजादो का पावन बलिदान से प्रेरणा लेने हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य डा.त्रियुगी नारायन ने उनके राष्ट्र निर्माण में बलिदान को स्पष्ट करते हुए उनके बलिदानों को कोटि- कोटि नमन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षुओं द्वारा उनके शहादत की पोस्टर बनाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर वाद विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक आदित्य, एसएन सारनाथ, डा.ग्यास सरवर, सुशील कुमार सिंह, अभिषेक शुक्ल, मुकेश कुमार, प्रमोद कुमार, शशिशंकर सिंह, मदन कुमार, दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।

## करंट लगने से किशोर की मौत

**सिवान।** सिसवन थाना क्षेत्र के कचनार में बुधवार की देर शाम करंट लगने से एक किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के सोनबरसा निवासी दिलीप यादव के पुत्र गुलशन यादव के रूप में हुई है। वह एक माह पूर्व से अपने मामा के घर कचनार गांव के विशुनपुरा में रह रहा था, बुधवार को वह अपने मामा सतीराम यादव के साथ गेहूं की फसल की पटवन के लिए गया था। पटवन खत्म होने के बाद वह मोटर बंद करने कहा जहां करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसकी मौत के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## कालेज में मना वीर बाल दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन

**सिवान।** जिले के राजा सिंह कालेज एवं गोरेयाकोठी स्थित नारायण महाविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा वीर बाल दिवस मनाया गया। बलिदान हुए गुरुवार गोविंद सिंह चारों पुत्रों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके विभिन्न प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार शहर के राजा सिंह कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस मौके पर ''हमारे मौलिक अधिकार '' पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं ''भारत के वीर बच्चे'' पर आशु भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में समानता, स्वतंत्रता, अधिकार एवं सह अस्तित्व नामक चार टीमों में ''सह अस्तित्व'' टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में रिया कुमारी ने प्रथम, गुलफशा परवीन द्वितीय एवं कोमल पाठक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मेडल एवं शील्ड द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में शामिल दो छात्राओं दामिनी कुमारी एवं वर्षा कुमारी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डा.मनोज कुमार सिंह ने की तथा संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी डा.सुनीता ने किया। इस अवसर पर भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष बोलेंद्र कुमार अगम एवं मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा.रंजन कुमार ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। वहीं गोरेयाकोठी प्रखंड मुख्यालय स्थित नारायण महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डाप्रमेंद्र रंजन सिंह के निर्देशन व ठाकुर सिंह की अध्यक्षता में वीर बाल दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डा. उमाशंकर पासवान के नेतृत्व में शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं के बीच वीर बाल दिवस आयोजन से संबंधित जानकारी साझा की गई।

## करहनु व भैंसाखाल में सीएम के प्रगति यात्रा को ले डीएम, एसपी ने लिया तैयारी का जायजा

**परवेजअख्तर/सीवान।** हुसैनगंज प्रखंड के मचकना पंचायत के करहनु पंचायत सरकार भवन एवं जीरादेई प्रखंड के भैंसाखाल स्थित बन रहे वृद्धाश्रम का शिलान्यास के लिए सात जनवरी को मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान आने की संभावना है। इसको लेकर सभी तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। इसकी तैयारियों को लेकर गुरुवार को डीएम मुकुल कुमार गुप्ता, एसपी अमितेश कुमार, डीसीएलआर शाहबाज खान, डीडीसी मुकेश कुमार, एसडीओ सुनील कुमार, डीएसओ सीमा कुमारी सहित करीब जिले के सभी विभागों के वरीय अधिकारी करहनु एवं भैंसाखल में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर डीएम ने उपस्थित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया।

## चाकू-पिस्टल से हमला कर व्यवसायी से 1.35 लाख की लूट

**परवेज अख्तर/सीवान।** सराय थाना क्षेत्र के बड़कागांव बाजार के पास बुधवार की शाम एक दुकानदार से बदमाशों ने हथियार के बल पर एक लाख 35 हजार रुपए की लूट कर ली। वहीं विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाया गया जहां उनका इलाज हुआ। पीड़ित घायल की पहचान सराय थाना क्षेत्र के नवादा निवासी श्रीराम यादव के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस बदमाशों की पहचान करने के लिए आस-पास लगे सीसी कैमरा की मदद ले रही है। पुलिस के अनुसार पट्टीदार से भूमि विवाद को लेकर मारपीट हुई है, लूट की घटना नहीं हुई है।पीड़ित के पिता रामकुंवर यादव ने बताया कि यह रकम उनके बेटे ने उन्हें कमा कर उनके खाते में भेजी थी, जिसे श्रीराम किसी व्यक्ति को देने शहर जा रहे थे। रास्ते में बदमाशों ने घेरकर चाकू और पिस्टल दिखाते हुए रुपए छीन लिए साथ ही चाकू से कई बार हमला किया। इससे वह बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों और स्वजन ने उन्हें तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी गंभीर हालत में इलाज चल रही है।

## तरवारा: चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** नगर थाना की गश्त दल ने गुप्त सूचना पर वाहन जांच कर चोरी की एक बाइक के साथ एक चोर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार जीबी नगर थाना क्षेत्र के दनियालपुर गांव निवासी चंद्रशेखर चौरसिया का पुत्र गुड्डू कुमार है। मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार ने बताया कि गश्त के क्रम में नगर थाना क्षेत्र के फतेहपुर बाइपास के पास से गुड्डू कुमार को चोरी की एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। उसे पूछताछ के बाद गुरुवार को जेल भेज दिया गया। वहीं उसकी निशानदेही पर अन्य चोरी की बाइक को बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

## भाजपा नेताओं ने गुरुद्वारा में बीर बाल दिवस पर टेका मत्था

**सिवान।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष संजय पांडेय के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने शहर के स्थानीय गुरुद्वारा में बीर बाल दिवस पर मत्था टेका। इस अवसर जिलाध्यक्ष ने कहा सिख समाज के दसवें गुरु गोविंद सिंह के सबसे छोटे पुत्र बीर सहजादा जोरवाल सिंह एवं फतेह सिंह के बलिदान दिवस पर हम सभी अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। दोनों कर्त्तव्य निष्ठ के साथ धर्म निष्ठ थे। उन्होंने धर्म पर अपना सर्वोस्व न्योछावर कर दिया। उनकी धर्म निष्ठा को हम सभी नमन करते हैं। इस अवसर पर प्रमिल कुमार गोप बाबू, जिला उपाध्यक्ष राहुल तिवारी, मुकेश कुमार बंटी, शर्मा नन्द राम, अनुराधा गुप्ता, जिला महामंत्री राजेश श्रीवास्तव, हरेंद्र कुशवाहा, जिला मंत्री कुन्दन सिंह, नगर अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनी गुप्ता, रूपल आनन्द, सहकारिता अध्यक्ष सुभाष कुशवाहा, पूर्व नगर अध्यक्ष गणेश कसेरा, मिडिया प्रभारी देवेन्द्र गुप्ता उपस्थित थे।

## महिला मोर्चा ने मनाया पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

**सिवान।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती शहर के अग्रवाल टोली में जिलाध्यक्ष सोनी गुप्ता के अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कापरेटिव बैंक के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, पार्टी के प्रदेश मंत्री नंद प्रसाद चौहान, जिला उपाध्यक्ष शर्मा नंद राम ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलन कर किया। मंच का संचालन जिला उपाध्यक्ष सुनीता जायसवाल ने किया। उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए मनोज कुमार सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने सरकार के माध्यम से महिलाओं के उत्थान के लिए अनगिनत कार्य किए हैं। आए अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन जिलाध्यक्ष सोनी गुप्ता ने किया। इस अवसर पर अधिवक्ता पालनहार श्रीवास्तव, रूपल आनन्द, प्रमिला देवी, सुमन देवी, मधु देवी, मंगला देवी, विजयलक्ष्मी देवी आदि उपस्थित थे।

## मुस्तफाबाद: रास्ते को लेकर विवाद में मारपीट, एक घायल

**परवेज अख्तर/सीवान।** गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद शिवराजपुर में बुधवार की देर शाम रास्ते के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मारपीट में एक पक्ष से एक व्यक्ति घायल हो गया। स्थानीय व स्वजनों की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका चल रहा है। घायल की पहचान गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद शिवराजपुर निवासी विधा भूषण सिंह का पुत्र विवेक कुमार सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मुस्तफाबाद शिवराजपुर में दो पक्षों में रास्ते को लेकर विवाद हो गया था। जहां एक पक्ष ने दूसरे पक्ष का बिजली का कनेक्शन काट कर आने जाने का रास्ता रोक दिया। इसके बाद मामला बढ़ गया और बात मारपीट तक पहुंच गई और एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के विवेक कुमार सिंह को चाकू गोद कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## शहर में जांच व छापेमारी करना भूल गया उत्पाद विभाग

**सिवान।** शहर में शराब की बिक्री पर नियंत्रण करने को लेकर उत्पाद विभाग गंभीर नहीं है। यही कारण है कि शहर के लगभग सभी मोहल्लों में शराब की बिक्री चल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में जिला पुलिस शराब बरामद कर रही है लेकिन उत्पाद विभाग ना शराबी की जांच कर रहा है ना ही शहर में कही भी छापेमारी हो रही है।

## सेमीफाइनल मुकाबले में जफर व गुफरान जीते

**सिवान।** शहर के सिसवन ढाला के समीप स्थित हसनपुरा बस स्टैंड के मैदान में बुधवार की रात जैक बैडमिंटन प्रीमियर लीग के चौथे संस्करण का आयोजन हुआ। अंतर जिला टूर्नामेंट (डबल) मुकाबले में कुल छह मैच खेले गए। ओपन के दो, वेटरन के दो अंडर 16 के दो सेमीफाइनल मुकाबले खेलें गए। ओपन के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में सिवान के जफर और गुफरान ने छपरा के प्रीतेश और सजल को बहुत ही रोमांचक मुकाबले में हराया। दूसरे मुकाबले में गोपालगंज के सादाब और अमन ने गोपालगंज के आशीष और कुमार तरूण बहुत ही रोमांचक मुकाबले में हराया। वेटरन का पहला सेमीफाइनल मुकाबले में गोपालगंज चितरंजन और सुमन ने गोपालगंज के मेघनाथ और अकरम को हराया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में गोपालगंज के आशीष और कुमार तरूण ने छपरा के प्रितेश और उत्तम को हराया। अंडर 16 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में आयुष और अनीश ने मेयर और जीशान को हराया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में सब्बीर और सहजाद ने तौसीफ और तहसीन को हराया। चेयरमैन डा.एहतेशाम ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में बैडमिंटन को लेकर प्रेरक होते हैं और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक खेलने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में अंपायर फिरोज खान, टेक्निकल टीम में तहसीन किब्रिया, डा.आसिफ हुसैन आदि मौजूद थे।

## सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण में शामिल होंगे जिले के 10 शिक्षक

**दारौंदा (सिवान)।** जिले के 10 चयनित शिक्षक ओरिएंटेशन कोर्स करने के लिए द्वारका नई दिल्ली जाएंगे। इस संबंध में बीपीएम सुवेंदु कुमार ने बताया कि सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित ओरिएंटेशन कोर्स में शामिल होने के लिए जिले के 10 चयनित किए गए हैं। इसमें महाराजगंज के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरकेशपुर के शिक्षक बीरवल पंडित, शिक्षिका पूजा यादव, स्वामी कर्म देव उच्च विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार, दारौंदा प्रखंड के मध्य विद्यालय विद्यालय रुकुंदीपुर के शिक्षक अमित रंजन, गुंजेश्वरी उच्च विद्यालय रुकुंदीपुर के राजेश राम, हड़सर धनौती उच्च विद्यालय के शिक्षक श्याम बाबू प्रसाद, जीरादेई के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिकौर के शिक्षक मो. बेलाल, लकड़ी नवीगंज के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसौली के शिक्षक शिवम कुमार, सिवान के मध्य विद्यालय उर्दू के शिक्षक रीता सिंह, भगवानपुर हाट के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गाजियापुर के शिक्षक सुभाष राय शामिल हैं।

## इस्मत ईएनटी हासिपटल का मना 13वां वर्षगांठ

**सिवान।** शहर के एमएम कालोनी सिसवन ढाला स्थित इस्मत ईएनटी हास्पिटल का 13 वां वर्षगांठ गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। अस्पताल के चिकित्सक व प्रसिद्ध ईएनटी सर्जन डा. एमडी शादाब ने केक काट कर वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस्मत हास्पिटल जिले वासियों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराते हुए निरंतर मरीजों की सेवा में जुटा है। गरीब- असहायों को सुखमय जीवन प्रदान करने का प्रयास ही हमारा प्रमुख उद्देश्य है। इसी निर्मल उद्देश्य के साथ हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमारे यहां आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज व आपरेशन किया जाता है। वार्षिकोत्सव समारोह में अब्दुल हमीद, हास्पिटल के प्रबंधक आलोक श्रीवास्तव, सोनू ठाकुर, पवन शर्मा, हिमांशु राय, शिवम कुमार, हनान आदि स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

